उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 21 आश्विन, शक संवत्, 1928
**( दिनांक : 13 अक्टूबर, 2006 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "**क**")।
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी "**ख**")।
3. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल विधान सभा के वर्ष, 2006 के प्रथम सत्र में, उत्तरांचल विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, सदन के पटल पर रखेंगे।
4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
8. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।
9. श्री फूल सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को नियम-54 के अन्तर्गत प्रस्तुत निम्नलिखित सूचना पर चर्चा जारी :-

> "निर्माणाधीन टिहरी बांध की टनल संख्या टी-2 को बन्द कर दिए जाने के निर्णय से टिहरी बांध से प्रभावितों, जिनका अभी तक पूर्ण रूप से पुनर्वासन नहीं किया जा सका है, में व्याप्त भय क्षोभ एवं असन्तोष के सम्बन्ध में।"

..2..

10. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-105 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल में गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध हेतु सरकार कानून बनाए।"

11.. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-105 के अन्तर्गत दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य में चार धाम यात्रा के लिए यात्रियों को अधिक से अधिक आकर्षित करने हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए।"

12. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल को ऊर्जा प्रदेश बनाने हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए।"

13. श्री मातबर सिंह कण्डारी, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के अति दुर्गम पिछड़े एवं दूरस्थ क्षेत्रों के अस्पतालों में डाक्टर/फार्मेसिस्ट तत्काल भेजे जाएं।"

14. निम्नलिखित संकल्पों के प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

1. श्री प्रीतम सिंह पंवार — "यह सदन राज्य सरकार से संस्तुति करता है कि जनपद उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ के सराहन/ग्वालदम में एस0एस0बी0 गुरिल्ला प्रशिक्षण प्राप्त आन्दोलनरत स्वयंसेवकों को पूर्वोत्तर राज्यों की भांति नौकरियों एवं पेन्शन आदि में दी जा रही सुविधा दिए जाने हेतु केन्द्र सरकार से प्रबल संस्तुति करे।"

2. श्री मातबर सिंह कण्डारी — "इस सदन का सुविचारित मत है कि प्रदेश में बन रही बी0पी0एल0 कार्ड धारकों की सूची में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के ही नाम दर्ज किए जाय।"

3. श्री हरबंस कपूर — "इस सदन का निश्चित मत है कि प्रदेश में प्राइमरी शिक्षा के गिरते हुए स्तर को देखते हुए प्राइमरी शिक्षकों से पठन-पाठन के अतिरिक्त कोई और कार्य न लिया जाय।"

4. श्री प्रकाश पन्त, — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य के जनपद पिथौरागढ़ में धारचूला व मुन्स्यारी, जनपद उत्तरकाशी में रवाईं-जौनपुर तथा जनपद चमोली में जोशीमठ क्षेत्र को जनजाति क्षेत्र घोषित किया जाय तथा इन क्षेत्रों में रहने वाले समस्त नागरिकों को अनुसूचित जनजातियों हेतु अनुमन्य समस्त सुविधाऐं प्रदान की जायें।"

15. संसदीय कार्य मंत्री निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे:-

"मैं प्रस्ताव करती हूँ कि उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1972 की धारा 10, उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 22 तथा देव संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम, 2002 की धारा 19 के अनुसरण में यह सदन सन्दर्भित विश्वविद्यालयों की प्रबन्ध कार्यकारिणी, विश्वविद्यालयों की सभा तथा व्यवस्थापक मण्डल में कार्य करने हेतु निर्धारित संख्या में, माननीय सदस्यों को नामित करने हेतु माननीय अध्यक्ष विधान सभा को प्राधिकृत करता है तथा इस प्रकार नामित सदस्य विधान सभा द्वारा विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे।"

16. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

17. बेरोजगार डिप्लोमा फार्मेसिस्टों की ए0एन0एम0 केन्द्रों में नियुक्ति के संबंध में श्री अनिल नौटियाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर, 2006 को दी गई सूचना पर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

18. उत्तरांचल निवास, नई दिल्ली में दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री नारायण पाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर, 2006 को दी गई सूचना पर, राज्य सम्पत्ति मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

19. जन-गण-मन। (देखिए नत्थी (ग))

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 13 अक्टूबर, 2006**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2006
का प्रथम शुक्रवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार 21 आश्विन, शक संवत्, 1928
### ( दिनांक : 13 अक्टूबर, 2006 )

# नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री प्रकाश पन्त
27–09–2006

**1. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि राज्य में विकलांग जन अपनी मांगों के समर्थन में आन्दोलनरत हैं? यदि हाँ, तो उनकी मांगें क्या हैं? क्या सरकार विकलांगों की मांगों के संबंध में शीघ्र कोई कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्याण

श्री हरबंस कपूर
04–10–2006

**1. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि दिनांक 02 अक्टूबर, 2006 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी में झूलाघर के समीप स्थित शौचालय के ठीक सामने राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार दोषियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

सामान्य प्रशासन

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
13–06–2006

*1. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों के दूर–दराज क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा का अभाव है? यदि हाँ, तो क्या सरकार ऐसे स्थानों को चिन्हित कर तथा मानकों को शिथिल करते हुए जनकल्याणार्थ आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सालय खोले जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
19–06–2006

*2. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कुल कितने गैरसरकारी तकनीकी शिक्षण व प्रबन्धन संस्थान स्थापित है? कितने संस्थान गढ़वाल एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त हैं और कितने अन्य विश्वविद्यालय एवं प्रान्तों से मान्यता प्राप्त हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002 से 2006 तक कुल कितने गैर सरकारी तकनीकी एवं प्रबन्धन संस्थानों को मान्यता दी गयी है तथा उनके नाम एवं स्थान क्या है? क्या सरकार का इन संस्थानों में लिये जा रहे शिक्षण एवं अन्य शुल्कों पर नियंत्रण है? यदि नहीं, तो क्यों?

तकनीकी शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
21–07–2006

*3. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में टिहरी बांध जलाशय में मोटर बोटिंग व्यवसाय के लिये टिहरी उत्तरकाशी जनपद के विस्थापित बेरोजगार नौजवानों के लिये मोटर बोटिंग व अन्य व्यवसाय की सुविधा सुलभ करवाने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई गयी है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यटन

श्री अजय भट्ट
01–08–2006

*4. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन ट्रस्ट द्वारा संचालित सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज हल्द्वानी जिला नैनीताल को एन0आर0आई0 छात्र–छात्राओं को प्रवेश हेतु स्वीकृति दे दी गयी है? क्या यह सत्य है कि श्री गुरू राम राय मेडिकल कालेज ने भी एन0आर0आई0 को प्रवेश देने की अनुमति हेतु प्रार्थना–पत्र दिया था? यदि हाँ, तो श्री गुरू राम राय मेडिकल कालेज देहरादून को एन0आर0आई0 छात्रों को प्रवेश देने हेतु स्वीकृति न देने के क्या कारण हैं तथा कब तक उक्त मेडिकल कालेज को एन0आर0आई0 कोटा दे दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

चिकित्सा शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>28–08–2006 | *5. क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल राज्य गठन से पूर्व उत्तरांचल में (तत्कालीन उत्तर प्रदेश) सभी जिलों में मद्यनिषेध विभाग कार्यरत था? क्या यह सत्य है कि आज तक उत्तरांचल सरकार द्वारा मद्यनिषेध सलाहकार समिति तथा मद्यनिषेध निदेशालय का गठन नहीं किया गया है? यदि हाँ, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा मद्यनिषेध के प्रचार–प्रसार पर वित्तीय वर्ष 2002–03 से वित्तीय वर्ष 2005–06 तक कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी तथा कितनी धनराशि उल्लिखित वित्तीय वर्षों में किस मद में व्यय की गयी? | **द्वितीय सोमवार के तारा0 प्र0सं0 07 में स्था0** |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>28–08–2006 | *6. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने के संबंध में सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो बेरोजगारी भत्ता की अधिकतम और न्यूनतम राशि क्या होगी? | श्रम |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>13–06–2006 | 1. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी में किन–किन मार्गो पर परिवहन निगम की बसें संचालित हो रही हैं? क्या सरकार जनपद के सभी मार्गों पर निगम की बसें संचालित करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>14–06–2006 | 2. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल की नयार हिवंल खासन नदियों पर वर्ष भर पानी (जल प्रभाव) रहता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा उक्त नदियों पर पर्यटन को बढ़ावा देने एवं पर्यटकों के लिये मत्स्य आखेट हेतु स्थान चयन किये जाने हेतु कोई योजना बनायी गई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>14–06–2006 | 3. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद पौड़ी गढ़वाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं ऐलौपैथिक चिकित्सालयों का उच्चीकरण करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो क्या भृगुखाल, जसपुर, भरपूर एवं लक्षमणझूला स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों का विस्तारीकरण करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>15–06–2006 | **4.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लक्ष्मणझूला नीलकंठ मार्ग पर ग्राम पटना के निकट एक प्राकृतिक झरना है, जहां काफी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक आते हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त झरने के सौन्दर्यीकरण हेतु कोई योजना बनायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>19–06–2006 | **5.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सरकारी इन्जीनियरिंग कालेजों में कुल कितनी सीटें हैं? क्या सरकार उक्त कालेजों से डिग्री प्राप्त स्नातकों के रोजगार हेतु प्लेसमेन्ट सेन्टर की स्थापना किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कहाँ? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>20–06–2006 | **6.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि जनपद पिथौरागढ़ के बेरीनाग क्षेत्र में ग्राम–उड़ी सिरतोली में झिनियां गुफा पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण का केन्द्र है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के सौन्दर्यीकरण हेतु धन स्वीकृत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12–07–2006 | **7.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में मूक बधिर लोगों के मूक बधिर चिकित्सा प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा जिला चिकित्सालय अथवा अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गई है? यदि हाँ, तो किन–किन दिवसों तथा केन्द्रों पर यह सुविधा उपलब्ध है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13–07–2006 | **8.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के धरासू व नालूपानी नामक स्थानों पर दो बार हरिद्वार उत्तरकाशी–गंगोत्री विश्वनाथ बस सेवा दुर्घटनाग्रस्त हो गई है जिसमें क्रमशः 6 व 22 लोग असमय मौत के शिकार हुए हैं? क्या सरकार विश्वनाथ सेवा के समय, बस प्रर्वतन, सर्विसिंग, चालकों/परिचालकों को एक फेरे के पश्चात् एक दिन के आराम/ब्रेक दिये जाने की व्यवस्था कड़ाई से करवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री नारायण राम आर्य<br>14–07–2006 | **9.** क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 08.04.06 को धारचूला पिथौरागढ़ में जनपद पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट में इंजीनियरिंग कालेज खोलने की घोषणा की गई थी? यदि हाँ, तो उक्त कालेज कब तक खुल जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17–07–2006 | **10.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में मूक बधिरों की जांच हेतु मूक बधिर विकलांग प्रमाण पत्र शिविर आयोजन हेतु विधायक कोष्ठक पत्रांक 3919/विधायक/शि0/05–06, दि0 17.04.2006 महानिदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>17–07–2006 | **11.** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में कुल कितने गांवों को पर्यटन गांव घोषित किया गया है? इन गांवों में सरकार क्या–क्या योजनाऐं लागू कर रही है? पर्यटन की दृष्टि से उक्त गांवों में पर्यटकों के लिये क्या–क्या सुविधाऐं सरकार द्वारा प्रदान की गयी हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>19–07–2006 | **12.** क्या चिकित्सा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में विकास खण्ड–अगस्त्यमुनि के अन्तर्गत दुर्गाधार में 03 हजार से अधिक आबादी वाले क्षेत्र (ग्राम बोरा, बावई, चामक तथा गोरणा) के ग्रामीणों की चिकित्सा सुविधा हेतु एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कब तक की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **चिकित्सा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21–07–2006 | **13.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पर्यटन ग्रामों के विकास की योजना की प्रगति क्या है तथा जनपदवार पर्यटन ग्रामों का विवरण क्या है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि पर्यटन ग्रामों के विकास का स्वरूप क्या है एवं इस परियाजना पर कब तक कार्य प्रारम्भ कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21–07–2006 | **14.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के जिला चिकित्सालय में ई0एन0टी0 विशेषज्ञ/सर्जन की तैनाती कर दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>21–07–2006 | **15.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के जौलजीवी ऐतिहासिक मेले को गौचर व अन्य मेला स्थलों व पर्यटक स्थलों की भांति सुविधायें उपलब्ध कराये जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>21–07–2006 | **16.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ तहसील मुनस्यारी के अन्तर्गत रिंगू में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गगन सिंह रजवार<br>25–07–2006 | **17.** | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल कोकिला कनार, छिपला केदार, छोटा कैलाश को विकसित करने हेतु क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>08–08–2006 | **18.** | क्या स्वास्थ्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में बेस चिकित्सालय की स्थापना कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कहाँ–कहाँ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री बद्री दत्त पाण्डे तथा स्व0 श्री हरगोविन्द पन्त के नाम से जिला चिकित्सालय तथा जिला महिला चिकित्सालय की स्थापना अविभाजित उत्तर प्रदेश में की गयी थी? यदि हाँ, तो क्या दोनों चिकित्सालयों को यथावत बनाये रखने पर विचार करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11–08–2006<br>श्री हरबंस कपूर<br>30–08–2006 | **19.** | क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के जिला सेवायोजन कार्यालयों में 15.8.2006 तक पंजीकृत बेरोजगारों की जनपदवार संख्या क्या है? | **श्रम** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11–08–2006 | **20.** | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव के अति पिछड़े व दूरस्थ दुर्गम क्षेत्र नौगांव–गोडर तथा खाटल पट्टियों हेतु चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधा की भारी अनुपलब्धता को देखते हुए अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17–08–2006 | **21.** | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में निरन्तर बढ़ रही बस दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2002 से अब तक कुल कितनी बस दुर्घटनायें हुई आरै उनमें कुल कितने लोगों की अकाल मृत्यु हुई तथा कुल कितने लोग घायल हुए हैं? | **परिवहन** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>22–08–2006 | **22.** | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के चौखुटिया तहसील अन्तर्गत ग्राम सभा रामपुर के अध्यक्ष–क्षेत्रीय विकास संगठन द्वारा दिनांक 22.6.06 / पत्रांक मेमो / आन्दोलन–2006–07 को रामपुर क्षेत्र में एक ऐलोपैथिक चिकित्सालय स्थापना की मांग की गयी है? यदि हाँ, तो विभागीय कार्यवाही की प्रगति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>23–08–2006 | **23.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट में भटकोट, विमान्द्रेश्वर महादेव, अग्नेरी मन्दिर आदि पौराणिक स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में चयनित कर विकास हेतु राज्य योजना में सम्मिलित किये जाने का प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>25–08–2006 | **24.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत तहसील चौखुटिया जनपद का सीमान्त क्षेत्र है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में बालिकाओं हेतु महिला पॉलिटेक्निक खोले जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>29–08–2006 | **25.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट तहसील अन्तर्गत स्वीकृत ए0एन0एम0 सेन्टर दुधोली–ग्वाड़–छतैणा–बडेत–मटेला–पैठानी–गुमोडी के पास आज तक भवन उपलब्ध नहीं है? यदि हाँ, तो उक्त क्षेत्रों में ए0एन0एम0 सेन्टर हेतु भवन निर्माण का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री हरबंस कपूर<br>30–08–2006 | **26.** क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 01.04.2002 से सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत कुल कितने बेराजगारों को अभी तक कितने सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी संस्थानों में परीक्षा अथवा साक्षात्कार हेतु बुलाया गया है तथा कितने बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हुआ है? | श्रम |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04–09–2006 | **27.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत कालाढूंगी में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) तथा भीमताल में विशिष्ट आई.टी.आई. स्वीकृत हो चुके हैं? यदि हाँ, तो इन संस्थानों में अभी तक कक्षाएं प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं? कक्षाएं शीघ्र प्रारम्भ किये जाने हेतु क्या प्रयास किये जा रहे हैं? | श्रम |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>06–09–2006 | **28.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिये शासनादेश संख्या–362 / **XXVII**(4) / 2005, दिनांक 19 सितम्बर, 2005 के क्रम में सेवा नैवृत्तिक लाभों में चिकित्सा प्रतिपूर्ति को भी सम्मिलित किया गया है? यदि हाँ, तो जनपद नैनीताल में स्वास्थ्य विभाग के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के कितने मामले लम्बित है तथा उनका भुगतान कब तक कर दिया जायेगा? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>11–09–2006 | **29.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में बी0फार्मा के कितने कालेज संचालित है तथा उनमे राज्य सरकार द्वारा भरी जाने वाली सीटों की संख्या क्या है? क्या उक्त पाठ्यक्रम के संचालन की अनुमति सरकार द्वारा प्रदान की गयी है तथा कालेज किस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कालेजों द्वारा संचालन करने हेतु सभी मानक पूरे कर लिये गये हैं तथा इन बी0फार्मा कालेजों की ''फार्मेसी काउसिंलिंग ऑफ इण्डिया'' द्वारा मान्यता प्राप्त है? | **द्वितीय शुक्रवार के अतारा0 प्र0सं0 23 में स्था0** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15–09–2006 | **30.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पैरा मेडिकल कालेजों से बी.एम.एल.टी. डिग्रीधारक तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को सरकारी सेवा में लिये जाने के लिये क्या कोई सेवा नियमावली बनाई गई है अब तक? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस दिशा में कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15–09–2006 | **31.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट व पुरोला में सत्र, 2006–07 में विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षणार्थियों के प्रवेश की अन्तिम तिथि क्या थी और अन्तिम तिथि तक बड़कोट व पुरोला में कुल कितने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न ट्रेड में प्रवेश दिया गया? क्या सरकार बतायेगी कि दोनों संस्थानों में अन्तिम तिथि के बाद कोई प्रवेश दिया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15–09–2006 | **32.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में उत्तरांचल परिवहन निगम की बसों में किराये में कमी करने का कोई निर्णय लिया गया है? यदि हाँ, तो उक्त निर्णय कब से लागू किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15–09–2006 | **33.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव अन्तर्गत अति दूरस्थ क्षेत्र नौगांव गोडर पट्टी के केन्द्रीयं स्थल ओडगांव में स्वास्थ्य उप केन्द्र की स्थापना की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19–09–2006 | **34.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के तीर्थ स्थलों के विकास के लिये सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनाई गई है? यदि हाँ, तो कार्य योजना का स्वरूप क्या है तथा कार्ययोजना में किन–किन तीर्थ स्थलों को सम्मिलित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20–09–2006 | **35.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के जगदेई टॉप, काण्डक, रूपनौलसौड़ डांडा, दनांऊ, सेम नागराजा आदि पर्यटक स्थलों को पर्यटन सर्किट से जोड़ने के लिये कार्य योजना बनाई जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>21–09–2006 | **36.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोट के लिये कितने यूनिट भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है और अब तक कितने यूनिट भवनों का निर्माण किया गया तथा अवशेष यूनिटों का निर्माण कब तक कर लिया जायेगा? क्या यह सत्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोट (गढ़वाल) के आवासीय एवं अनावासीय भवनों एवं चाहर दिवारी निर्मित न किये जाने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र कें नियामित एवं व्यवस्थित संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त भवनों की मरम्मत तथा चाहर दिवारी निर्मित कर दी जायेगी? | स्वास्थ्य |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>21–09–2006 | **37.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोट के अन्तर्गत राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बसन्तपुरं के आवासीय एवं अनावसीय भवनों का निर्माण विगत कई वर्षो से अपूर्ण है? यदि हाँ, तो इन भवनों का निर्माण पूर्ण न होने के क्या कारण है तथा इसके लिय कौन उत्तरदाई है तथा अवशेष निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करा दिया जायेगा? | स्वास्थ्य |
| श्री हरबंस कपूर<br>25–09–2006 | **38.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून के दून चिकित्सालय में हृदय रोग के प्रतिदिन औसत कितने मरीज उपचार हेतु आते हैं? वर्तमान में दून चिकित्सालय में कितने कार्डियोलाजिस्ट तैनात हैं तथा अभी कितने कार्डियोलाजिस्टों की आवश्यकता है? क्या मंत्री जी कार्डियोलाजिस्टों की कमी को पूरा करने की कार्यवाही करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>27–09–2006 | **39.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल में विकासखण्ड भीमताल के अन्तर्गत हैड़ाखान में राजकीय आयुर्वेदिक़ चिकित्सालय भवन निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो निर्माण कब तक आरम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

श्री हरबंस कपूर
25–09–2006

**40.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल कितने स्कूलों में कितने बच्चों का परीक्षण किया गया तथा उक्त परीक्षण के दौरान कितने बच्चों में विटामिन ए की कमी पायी गयी है? क्या सरकार बच्चों में विटामिन ए की मात्रा परिपूर्ण किये जाने हेतु कोई कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

**स्वास्थ्य**

श्री हरभजन सिंह चीमा
08–09–2006

**41.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या उत्तरांचल में निजी क्षेत्र के उद्योगों में स्थापित अथवा स्थापित किये जाने वाले बॉयलरों के प्रैशर पार्टस के मानकों के अनुरूप निर्माण का सत्यापन किये जाने हेतु सरकार द्वारा कोई अधिकारी नियुक्त किया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार संबंधित अधिकारी का नाम एवं नियुक्ति की तिथि से अवगत करायेगी?

**श्रम**

उत्तरांचल विधान सभा

# नत्थी (ग)

# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।

भारत-भाग्य-विधाता।।

पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा

द्राविड़-उत्कल-बंग।

विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,

उच्छल-जलधि-तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तव जय गाथा।।

जन-गण-मंगलदायक जय हे,

भारत-भाग्य-विधाता।।

जय हे, जय हे, जय हे,

जय जय जय, जय हे।।